दिनांकः 21 जून, 2024

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आधारित विश्व योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21.06.2024 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में योग का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ की निदेशक, श्रीमती अदिति शर्मा, उप निदेशक, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, श्री डी0के0 बडोला, श्री महेश लाल, सचिव, लखनऊ योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, श्री सुरेश कुमार, योगा ट्रेनर/सह सचिव, लखनऊ योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ प्राणि उद्यान के कर्मचारी एवं स्कूली छात्र/छात्राऐं एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

योगा कार्यक्रम शिक्षा अधिकारी, श्रीमती नीना कुमार, प्राणि उद्यान, लखनऊ के दिशा–निर्देशन में योगा ट्रेनर सुश्री अनविता मिश्रा द्वारा कराया गया। इस अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशिका सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एमिकस एकेडमी के छात्र/छात्राओं ने योग एंव प्राणायाम किया। छात्र/छात्राओं द्वारा योग मुद्राऐं भी बनायी।

प्राणि उद्यान की निदेशक महोदया द्वारा सभी को योग एवं प्राणायाम से होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग से हम अपने कई प्रकार की बीमारियों से निजात पा सकते हैं और अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। हमें नियम से प्रतिदिन योग करना चाहिए और इसे हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। अन्त में योगा की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया तथा योगा से सम्बन्धित जानकारी हेतु पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ